HINDI WORKSHEET-17

तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

कक्षा : 10

कार्य- पत्रिका - 17



सूचना: **'बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

पाँचवी कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। वह स्कूल पाँचवीं तक ही था।

" साहिल अब तुम कहाँ पढोगे?" बेला ने पूछा।

" और तुम कहाँ पढोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

" मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएंगे और तुम?"

" मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

" क्यों साहिल?"

" पता नहीं क्यों "

" तो यानी कि अब तुम फुलेरा में ही नहीं रहोगे?"

" नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।"

साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का।

1. बेला और साहिल क्यों अलग हो रहे थे?

2. " तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना " ।' तुम्हारा ' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन- सा है ?

(तू, तुम, मैं)

3. "मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएंगे" ।

' पापा ' के बदले 'माँ ' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

4. पाठ के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा लिखें ।

5. अजमेर के स्कूल में साहिल की भर्ती हो गयी । वह हॉस्टल में अकेलापन महसूस कर रहा था । स्कूल में भी बेला के बिना उसका मन नहीं लग रहा था । ये सब बताते हुए साहिल ने बेला को पत्र लिखा । साहिल का पत्र कल्पना करके लिखें ।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

सूचना : ' टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत !
क्या जाने; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए !

6. कविता में 'टूटा पहिया' किसका प्रतिनिधित्व करता है?

(जीवन के संघर्षों का, शासक वर्ग का, लघु मानव का)

7. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें।

भले ही मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ ।
किंतु मुझे बेकार समझकर मत फेंको।

8. ' दुस्साहसी अभिमन्यु' - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है?

9. प्रस्तुत कवितांश का आशय लिखें ।

PURAM EDUCATIONAL DISTRI